



नवभारत

भोपाल, गुरुवार 11 दिसम्बर, 2025


# सैकड़ों नाराज किसानों ने मण्डी में किया प्रदर्शन

## मामला एक दिन पूर्व किसान के साथ हुई थी मारपीट का, संबंधित व्यापारी के लाइसेंस निरस्त करने की मांग



**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़ 10 दिसम्बर, सं. नरसिंहगढ़ स्थित कृषि उपज मंडी में एक दिन पूर्व एक किसान के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर संबंधित व्यापारी के लायसेंस निरस्त करने की मांग लेकर बुधवार को सैकड़ो की संख्या में किसानों ने मंडी परिसर में प्रदर्शन किया.**

मंगलवार को कृषि उपज मंडी में किसान से हुई मारपीट का मामला गरमा गया है. बुधवार को इसी मामले को लेकर मंडी परिसर में सैकड़ो किसानो ने प्रदर्षन करते हुए संबंधित व्यापारी और उसके परिजनों के सभी लायसेंस निरस्त किए जाने की मांग की.

### तीन लोगों पर मामला दर्ज

घटना के बाद से ही मंडी में माहौल तनावपूर्ण बना रहा. आरोप है कि संबंधित व्यापारी और उसके परिजन आए दिन किसानो से बदसलूकी करते है, जिसको लेकर पहले भी इनके कई मामले सामने आ चुके है. मंगलवार को हुई मारपीट के मामले में किसान की शिकायत पर पुलिस ने व्यापारी सलीम मंसूरी, इमरान मंसूरी और इरफान मंसूरी पर बीएनएस की धारा 296 (ए), 115 (2), 351 (3), 3(5) में प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है.

*मंडी व्यापारी द्वारा किसान से की गई मारपीट के मामले में पुलिस ने विधिवत कार्रवाई की है. लाईसेंस निरस्त करने को लेकर संबंधित को नोटिस जारी कर रहे है. जांच उपरांत विधिवत कार्रवाई की जाएगी.*

**सुशील कुमार, एसडीएम नरसिंहगढ़**

### कार्यवाई नहीं होने पर व्यापक आंदोलन की चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान किसानो ने कहा कि यदि चार दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होती है तो फिर व्यापक आंदोलन किया जाएगा. किसानो ने इस घटना की निंदा करते हुए जमकर नारेबाजी की. मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सहित पुलिस प्रषासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होने किसानो को समझाईश दी. इसके बाद मामला शांत हुआ. हालांकि किसान, व्यापारी के लाईसेंस निरस्त करने की मांग पर अड़े हुए है. उल्लेखनीय है कि मंगलवार को समीर ट्रेडर्स के व्यापारी सलीम मंसूरी और उनके भांजे इमरान और इरफान ने एक किसान के साथ मारपीट की थी. जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही बड़ी संख्या में किसानों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया.

### एक दिन पूर्व इस तरह चला पूरा घटनाक्रम

मंडी में नीलामी के दौरान किसान अपनी प्याज बेचने आए थे. नीलामी पूरी होने के बाद जब वे अपना माल लेकर व्यापारी समीर ट्रेडर्स के गोदाम पहुंचे तो संचालक सलीम मंसूरी ने प्याज को खराब बताकर नीलामी में तय मूल्य से कम भुगतान करने की बात कही. किसान द्वारा आपत्ति जताने पर विवाद बढ़ गया और इसी दौरान सलीम मंसूरी के भांजे इमरान और इरफान मंसूरी ने किसान के साथ मारपीट कर दी जिसका वीडियो वायरल हुआ है. बताया जाता है कि सम्बंधित फर्म संचालको द्वारा किसानों से अभद्रता का यह पहला मामला नहीं है. इसके पूर्व भी कई बार किसानों से अभद्रता और भुगतान संबंधी विवाद के मामले सामने आते रहे है. किसानों ने संबंधित ट्रेडर्स का मंडी लाइसेंस निरस्त किये जाने की मांग की है.मौके पर पहुंची पुलिस ने जैसे-तैसे मामले को शांत कराया. लेकिन पुलिस के जाते ही किसानों का आक्रोश और बढ़ गया और बड़ी संख्या में किसान के गोदाम पर पहुंच गए. इस दौरान व्यापारी मौके से भाग निकले, जबकि गुस्साए किसानों ने गोदाम में रखे लहसुन के बोरे बाहर निकालकर सड़क पर बिखेर दिए और जमकर विरोध किया. घटना के बाद दोबारा पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया. मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची तथा किसान से बातचीत कर कार्रवाई का आश्वासन दिया.

## खेतों में पानी फेरते समय करंट की चपेट में आए छात्र की मौत



**नवभारत न्यूज**

**करनवास 10 दिसम्बर, सं.** समीपस्थ ग्राम लक्ष्मणपुरा निवासी छात्र सचिन रूहेला पिता जगदीश रूहैला उम्र 19 वर्ष का बुधवार को करंट लगने से प्राणांत हो गया. छात्र के असामायिक निधन से गांव एवं करनवास में मिलने-जुलने वालो में गहरा शोक छा गया. जानकारी के अनुसार छात्र सचिन अपने खेत पर गेंहू में पानी फेरने गया था तभी बुधवार की सुबह 8 बजे के लगभग एकाएक छात्र को करंट लग गया जिससे छात्र का प्राणांत हो गया. छात्र सचिन करनवास स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12 वीं का छात्र था. वह काफी सहज, सरल एवं मिलनसार प्रवृत्ति का था. पढ़ाई में भी उसकी काफी रुचि थी. जैसे ही इस घटना की जानकारी स्कूल एवं करनवास में पता चली तो समूचा वातावरण गमगीन हो गया.

## एक नजर में

### लीड कॉलेज में संविधान दिवस मनाया गया

**राजगढ़ 10 दिसम्बर, का.** मानव अधिकारों के प्रति विश्व भर में सजगता एवं जागरूकता के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है. अग्रणी महाविद्यालय राजगढ़ के राजनीति विज्ञान विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई महाविद्यालय की दैनिक गतिविधि अंतर्गत मनाया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉ. मंगलेश सौलंकी ने मानव अधिकारों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की. उन्होंने विश्व मानव अधिकार दिवस पर कहा कि ये मनुष्य के जन्मश अधिकार है. बच्चे के जन्म से ही उसे ये प्राप्त होते है और अंत तक मूल पूंजी की तरह हमेशा साथ रहते है. कार्यक्रम के संतोष खरे ने मानव अधिकारों के व्यावहारिक पक्ष को रेखांकित किया. उन्होंने कर्तृत्व और अधिकारों को एक ही सिक्के के दो पहलू के रूप में रेखांकित किया. कार्यक्रम में डॉ. सोहन शर्मा ने विश्व मानव अधिकार दिवस के इतिहास पर अपना व्याख्यान दिया. विश्व मानव अधिकार के इस विचारात्मक संगोष्ठी में डॉ. रजनी खरे, श्रीमती सीमा सिंह, डॉ. बी.एल वर्मा, प्रकाश अहिरवार एवं समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे. इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई महाविद्यालय के जिला संयोजक डॉ. शैलेन्द्र कुमार मेवाडे ने किया एवं आभार मोहन पुरी द्वारा व्यक्त किया गया.

### कार्य में लापरवाही बरतने पर किया निलंबित

**राजगढ़ 10 दिसम्बर, का.** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राजगढ़ के प्रतिवेदन पर विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के दौरान गणना पत्रक वितरण एवं डिजिटाईजेशन कार्य में लापरवाही पाए जाने पर प्राथमिक शिक्षक कन्या प्राथमिक विद्यालय खुजनेर मांगीलाल राठौर को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया.

### मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता से कोई भी समझौता नहीं

**राजगढ़ 10 दिसम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा मिड-डे मील एवं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई. बैठक में खाद्यान्न उठाव, वितरण, गुणवत्ता एवं निरीक्षण व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई और कड़े निर्देश दिए गए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि मध्यान्ह भोजन को लेकर कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा. 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति लागू रहेगी और किसी भी गड़बड़ी पर तत्काल कार्रवाई होगी. सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे किसी भी विद्यालय में स्वयं जाकर आकस्मिक निरीक्षण करें. किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर समूह एवं प्रधानाध्यापक दोनों पर कार्यवाही की जाएगी. कलेक्टर ने कहा कि इस संबंध में खंड स्तरीय अधिकारी तुरंत नोटिस जारी करें, साथ ही बीआरसी को भी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने डबल लॉक सिस्टम के पालन पर विशेष जोर देते हुए अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी नरसिंहगढ़ द्वारा निरीक्षण न किए जाने पर नाराज़गी व्यक्त की तथा सभी अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी को स्वयं निरीक्षण अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए. खाद्यान्न परिवहन में पारदर्शिता हेतु सभी वाहनों पर जीपीएस लगाने के निर्देश भी दिए गए. उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह सभी खंडों में खंड स्तरीय बैठकें आयोजित की जाएं और उनके रख रखाव जिला कार्यालय को अनिवार्य रूप से भेजे जाएं.

## शटर तोड़कर सराफा दुकान से लाखों की चोरी

### चोरों की चांदी : बेखौफ होकर की वारदात

**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़ 10 दिसम्बर, सं. बीती रात्रि को शहर के डॉ शिवजी चौक स्थित एक सराफा दुकान में अज्ञात चोरो ने धावा बोलते हुए लाखों रूपए के चांदी के बर्तन, जेवरात पर हाथ साफ कर दिया है. सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन करते हुए अज्ञात चोरो के खिलाफ मुकदमा कायम कर उनकी खोजबीन शुरू कर दी है.**

जानकारी के अनुसार बीती रात्रि को बाहर से लौटे श्रृंगार श्री ज्वेलर्स के व्यापारी को अपनी दुकान का ताला टूटा दिखाई दिया. जेसे ही भीतर जाकर देखा तो दुकान में रखे चांदी के बर्तन और जेवर चोरी हो चुके थे. उसने मामले की सूचना पुलिस को दी जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की. पुलिस जल्द अज्ञात चोरो को पकड़ने की बात कह रही है. लेकिन फिलहाल शहर में बढ़ते अपराधो ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए है. शहर के मुख्य बाजार से चोरी की घटना से व्यापारियो में डर का माहौल है. लोगो का कहना है कि शहर में नषा का कारोबार बढ़ रहा है. इस वजह से भी चोरी और छुटपुट घटनाऐं तेजी से बढ़ रही है. आम नागरिको ने पुलिस व्यवस्था को चुस्त किए जाने की मांग उठाई है.

*बीती रात नगर की एक सराफा दुकान में चोरी की वारदात सामने आई है. मामले की जांच कर रहे है अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया है.*

**शिवराज सिंह, थाना प्रभारी नरसिंहगढ़**

### नेशनल लोक अदालत 13 दिसम्बर को

**राजगढ़ 10 दिसम्बर, का.** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली (नालसा) के वार्षिक कैलेण्डर अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर को जिला न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर. सेंटर के सभागृह में प्रात: 10.15 बजे किया जाएगा.

## पीएम सड़क पर क्रेशर मशीन संचालकों को थमाएंगे नोटिस

### प्रधानमंत्री सड़क योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 10 दिसम्बर, सं.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित प्रधानमंत्री सडक योजना की बैठक आयोजित की गई. बैठक में योजना के प्रारंभ से आज दिनांक तक पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यो का विवरण, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना 3 की प्रगतिरत कार्य (रोड एवं ब्रिज), संधारण कार्यो की जानकारी, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना 4 के अंतर्गत चिन्हिंत बसाहटो की जानकारी एवं मुख्यमंत्री मजरा टोला योजना के अंतर्गत चिन्हिंत बसाहटो की जानकारी की विस्तृत समीक्षा की गई. बैठक में बताया गया कि पीएम सडकों के पास क्रेशर मशीन होने से ओवरलोड वाहनों से सडके खराब हो रही है. कलेक्टर से सभी संबंधित क्रेशर मशीन संचालकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.

बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि जिले की सभी पीएम सडकों से अतिक्रमण हटाए, किसी भी सड़क पर बागड या फेंसिंग लगी न हो यह सुनिश्चित किया जाए. पांच साल की गारंटी वाली सडको का समय समय पर रिपेयरिंग ठेकेदारों द्वार किया जाए यह सुनिश्चित करें.

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन पीपीओ किए प्रदान

**राजगढ़ 10 दिसम्बर, का.** राजगढ़ जिले में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अब लंबा इंतज़ार नहीं करना पड़ रहा है. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने एक प्रभावी और संवेदनशील व्यवस्था विकसित की है, जिसके तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन पीपीओ उपलब्ध कराया जा रहा है. यह व्यवस्था जिले में सुशासन और मानवीय प्रशासन की एक मिसाल बनकर उभर रही है. बुधवार को आयोजित भावपूर्ण विदाई समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारी ओमप्रकाश सेन ने भावुक होकर कहा कि मेरे पिता की पीपीओ बनने में छह महीने लग गए थे, लेकिन कलेक्टर डॉ. मिश्रा के संवेदनशील नेतृत्व और जिम्मेदार टीमवर्क के कारण हमें यह सुविधा मिल रही है.

## सर्दियों में जल संकट की आहट, सीएमओ को ज्ञापन सौंपा

**नवभारत न्यूज**

**सुठालिया 10 दिसम्बर, सं.** नगर परिषद की लापरवाही, उदासीनता एवं उपेक्षा के कारण नगर के वार्ड क्रमांक 8 में नागरिकों को अभी से शरद ऋतु में जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है. उक्त आरोप पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष श्याम पालीवाल ने लगते हुए बताया कि नगर के वार्ड 8 में गड़ी मोहल्ले में न.प. द्वारा संचालित पेयजल योजना के अंतर्गत नल लाइन मेंजगह जगह वाल्व लीकेज होने के कारण ठीक से जल सप्लाई नहीं हो पा रही हे, पर्याप्त पानी नलों में नहीं पहुंच पा रहा है,कम प्रेशर के कारण नल पूरे समय चलने पर भी ठीक से जल सप्लाई न हो रही है. इसको लेकर आज बुधवार को एक ज्ञापन सीएमओ रईस खान को सौंपा जिसमें इस समस्या का शीघ्र ही निराकरण करने की मांग की है

### घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर चोरी

**सुठालिया 10 दिसम्बर, सं.** सुठालिया थानांतर्गत आने वाले ग्राम नापानेरा में मंगलवार- बुधवार के दरमियान रात को घर के बाहर रखा ट्रैक्टर चोरी होने का मामला सामने आया है. पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. थाना प्रभारी अनिल रहोरिया के अनुसार ग्राम नापानेरा में फरियादी राजेश पिता कन्हैयालाल सुमन के घर के बाहर ट्रैक्टर खड़ा हुआ था. जिसे मंगलवार -बुधवार की रात को कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया. पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर ट्रैक्टर की तलाश शुरु कर दी है.

### जुआं पकड़े जाने के बाद थाना प्रभारी लाईन अटैच

**राजगढ़/खुजनेर 10 दिसम्बर, सं.** खुजनेर थानांतर्गत विगत दिवस पुलिस द्वारा ग्राम गोपालपुरा स्थित एक खेत में चल रहे जुआं के दौरान दबिश देते हुए चार लोगों को हिरासत में लेते हुए बड़ी संख्या में बाईक, मोबाईल एवं नगदी बरामद किया था. इस कार्यवाई के बाद बुधवार को थाना प्रभारी एवं एक आरक्षक को लाईन अटैच कर दिया गया है. पुलिस अधिक्षक कार्यालय से जारी आदेश में कहा है कि खुजनेर थाना प्रभारी शिवचरण यादव एवं आरक्षक दिलीप प्रजापति को प्रशासनिक दृष्टिकोण के चलते अस्थाई रुप से रक्षित केन्द्र राजगढ़ पर लाईन अटैच किया गया है. उल्लेखनीय है कि इस कार्यवाही को एसपी ने अपनी विशेष टीम भेजकरकराया था. इसमें स्थानीय पुलिस को प्रारंभ में अवगत नहीं कराया. इसी कारण एसपी ने थाना प्रभारी को इसमें अनदेखी का दोषी मानते हुए लाईन अटैच किया है.

## 500 मरीजों की जांच, 175 के ऑपरेशन होंगे




**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 10 दिसम्बर, का.** श्री अंजनी लाल मंदिर धाम पर श्री सदगुरू संकल्प नैत्र चिकित्सालय आनंदपुर के सहयोग से बुधवार को आयोजित नि:शुल्क नेत्र शिविर में सैकड़ों की संख्या में आंखों से संबंधित मरीज पहुंचे. जिनका परीक्षण कर उपचार किया गया. मरीजों की अधिकता के चलते इसी माह की 24 दिसम्बर को भी मंदिर परिसर में नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा. शिविर में लगभग 500 मरीजों की जांच कर दवाई एवं चश्में का वितरण किया गया. परीक्षण उपरांत 175 मरीजों को ऑपरेशन के लिए आनंदपुर भेजा गया. शिविर में डॉ. अभिषेक सुमन,नैत्र सहायक जितेन्द्र कुमार,केम्प प्रभारी जीतू पाठक, कल्पेश शर्मा का विशेष सहयोग रहा. मंदिर ट्रस्ट परिवार के सदस्यगण भी व्यवस्थाओं में लगे रहे. शिविर में मरीजों की काफी अधिक संख्या को देखते हुए इसी माह 24 दिसम्बर को भी शिविर रखने का निर्णय लिया गया.



## फसलों के लिए वरदान बना अनुकूल मौसम

### न्यूनतम तापमान 5 डिग्री के आसपास

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 10 दिसम्बर, का.** जिले में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री के आसपास बना हुआ है, ठंड के प्रकोप ने आमजन की परेशानी भले ही बढ़ा दी है किंतु यह मौसम फसलों के लिए काफी अनुकूल माना जा रहा है.

गौरतलब है कि बीते दो दिन से न्यूनतम तापमान 5 डिग्री के आसपास है. मंगलवार को न्यूनतम तापमान 5.6 रहा जो बुधवार को 5.2 डिग्री पर जा पहुंचा. तापमान में गिरावट के कारण ठंड एकाएक बढ़ गया है. मौसम विभाग के अनुसार आसमान साफ होते है तो आगामी दिवस में न्यूनतम तापमान में और भी गिरावट हो सकती है.

### इस बार सरसों का रकबा दोगुने से अधिक

इस बार ब्यावरा विकासखंड में सरसों की बोवनी का रकबा गत वर्ष की तुलना में दोगुना से अधिक पर जा पहुंचा है. गत वर्ष विकासखंड में सरसों का रकबा 4 हजार 900 हेक्टर रहा था. जबकि इस बार सरसों का रकबा अनुमानित तौर पर 12 से 15 हजार हेक्टर के बीच बताया जा रहा है. हालांकि सही आंकड़े गिरदावरी के बाद ही सामने आएंगे. कृषि विभाग के अनुसार सरसों कम लागत वाली फसल होकर इसमें पानी की मात्रा कम लगती है. साथ ही उत्पादन क्षमता एक बीघा में 4 क्विंटल से 6 या फिर 7 क्विंटल तक इसका उत्पादन हो जाता है.

*वर्तमान मौसम गेहूं व अन्य फसलों के लिए बहुत ही अनुकूल होकर फायदेमंद है. 5 डिग्री के आसपास रहने वाला तापमान पौधे की प्रगति, उत्पादन क्षमता के लिए बेहतर है.*


**एनएस हरियाले**
**वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी**
**कृषि विभाग ब्यावरा**

**लापरवाही** ▶ **नपा की सार्वजनिक ट्यूबवेलों, पानी टंकियों से बहता रहता पानी**

# सड़कों पर बह रहा लाखों लीटर पानी

### इंदौर नाका पुल के यहां फूट रही लाइन

इंदौर नाका से मुल्तानपुरा जाते समय पुल पार करते ही नपा की पाइप लाइन फूटी है जिसमें से पेयजल सप्लाई के दौरान लाखों लीटर पानी बह जाता है. यह लाइन एक-दो दिन, सप्ताह नहीं लम्बे समय से क्षतिग्रस्त है, रहवासियों द्वारा अनेक बार पाइप लाइन को लेकर नपा के जिम्मेदारों को अवगत कराया जा चुका है किंतु आज भी पाइप लाइन से लाखों लीटर पानी बहने का क्रम जारी है.



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 10 दिसम्बर, का. एक तरफ जहां ठंड के दिनों में भी नगर में छः से सात दिन में पेयजल सप्लाई हो पा रही है वहीं दूसरी और नपा की सार्वजनिक ट्यूबवेल, पानी टंकी से हर दिन लाखों लीटर पानी बहकर बर्बाद हो रहा है.**

गौरतलब है कि एक और जहां गर्मी के दिनों में ही नहीं अपितु बारिश, ठंड में भी नगर में पेयजल सप्लाई छ: से सात दिन में हो पा रही है, नागरिकों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है तो दूसरी और नगर पालिका के आधिपत्य वाले सार्वजनिक ट्यूबवेल, पानी की टंकियों से हर दिन लाखों लीटर पानी बेफिजूल बहता हुआ देखा जा सकता है.

### हर दिन बहता सड़कों पर पानी

नगर के वार्डो में नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक ट्यूबवेल लगाकर वहां पानी की टंकी रखी गई है. परन्तु अधिकांश जगह आये दिन ट्यूबवेल एवं टंकी से लाखों लीटर पानी बहते हुए देखा जा सकता है. जूना ब्यावरा स्थित पुरानी तहसील के समीप, जगात चौक सहित अन्य स्थानों पर आये दिन टंकियों से पानी बहता देखा जा सकता है. यही नहीं कई बार ओव्हर फ्लो होने से घंटो तक पानी बहता रहता है, परन्तु इस बर्बाद हो रहे पानी पर किसी का कोई ध्यान नहीं है. जबकि यही पानी यदि अभी संरक्षित किया जाये तो भीषण गर्मी के दिनों में यह काफी उपयोगी होगा.